प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

....

शीतकालीन सत्र

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अन्तिम दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। आज सदन में गैर–सरकारी कार्य दिवस निर्धारित है, जिसमें विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आज अन्तिम दिन विपक्ष रोजगार और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की योजना बना रहा है। सदन में गेस्ट टीचर भर्ती, आउटसोर्स कर्मियों की बहाली और सरकारी नौकरियों से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। सत्र के दौरान बेरोजगारी का मुद्दा प्रमुखता से उठा, जहां विपक्ष ने सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और गेस्ट टीचर पॉलिसी, आउटसोर्स कर्मियों की बहाली और कांग्रेस द्वारा वादा की गई पांच लाख नौकरियों के संदर्भ में सरकार को घेरा। इसके अतिरिक्त, विधानसभा में पहली बार शून्य काल आयोजित हुआ, जिसमें सदस्यों ने जनहित के विभिन्न मुद्दे उठाए। सत्र के दौरान राधा स्वामी सत्संग ब्यास को राहत देने के लिए लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन विधेयक भी पारित किया गया है, जिससे धर्मार्थ कार्य करने वाली संस्थाओं को भूमि हस्तांतरण में छूट मिलेगी। आज के सत्र में इन सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा और संभावित निर्णयों की उम्मीद है।

....

संशोधन विधेयक

प्रदेश में किसी भी लोक सेवक की गिरफ्तारी से पहले सरकार से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही एनजीओ ग्रेड–2 रैंक तक के पुलिस कर्मियों का राज्य काडर भी होगा और पुलिस कर्मियों की भर्ती के लिए बोर्ड का गठन किया जाएगा। विधानसभा में कल पुलिस संशोधन विधेयक 2024 के पारित होने के बाद अब यह संभव होगा। पुलिस भर्ती संशोधन विधेयक को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को सदन में पेश किया था। विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस कानून को लेकर एसओपी जारी करेगी।

....

## क्रिकेट

चंबा जिला की तीन महिला क्रिकेट खिलाड़ी ताबिश बाला, कुंगा फुलचुंग व नैंसी शर्मा का चयन हिमाचल प्रदेश अंडर–23 महिला क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। अब ये खिलाड़ी हिमाचल क्रिकेट टीम के बिलासपुर में आयोजित शिविर में भाग ले रही हैं। शिविर के बाद प्रदेश की टीम आगामी पांच जनवरी से आयोजित होने वाली अंडर–23 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।

....

## मल्टी टास्क

प्रदेश शिक्षा विभाग में 2021–22 में भर्ती हुए करीब 8 हजार पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स ने विधानसभा शीतकालीन सत्र के कल तीसरे दिन जोरावर स्टेडियम में धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री. को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष विक्रांत और महासचिव आशीष भारद्वाज ने बताया कि पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्ज में अधिकतर विधवा, विकलांग, बी.पी.एल. और अति निर्धन वर्ग के युवा नियुक्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्ट टाइम नियुक्त किया गया था और आज वे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के समान कार्य कर रहे हैं। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्ज ने मांग की है कि उन्हें 12 महीने का वेतन दिया जाए साथ ही उन्हें दैनिक वेतन भोगी का दर्जा भी दिया जाए। उन्होंने सरकार से उनके लिए जल्द स्थायी नीति बनाने का आग्रह किया है।

....

सुर्खियां समाचार पत्रों से............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– अनुबंध वालों को नहीं मिलेंगे नियमित कर्मियों के लाभ–भोटा अस्पताल की 30 एकड़ भूमि हो सकेगी हस्तांतरित। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–ज्वाइंनिंग से वरिष्ठता लाभ दिया तो डिमोंट हो जायेंगे नियमित कर्मचारी।

दैनिक जागरण की एक खबर है–ग्रीष्मकालीन स्कूलों में 31 दिसंबर तक हो सकेंगे वार्षिक समारोह।

हिमाचल में पड़ रही हाड कंपा देने वाली ठंड–कई शहरों का पारा माइनस में–शीतलहर ने बढ़ाई दिक्कतें हिमाचल दस्तक की एक खबर है।